आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–13 नवम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रदेश के तीन रेलवे स्टेशनो समेत देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर स्थित अटठारह प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्रों का शुभारंभ किया। उन्होंने बिहार के दरभंगा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अन्य विकासात्मक परियोजनाओं के साथ इन केंद्रों का उद्घाटन किया। ये केंद्र यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशनों पर सस्ती दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। प्रदेश के जिन तीन रेलवे स्टेशनों पर जन औषधि केन्द्र का पीएम ने वर्चुअल उदघाटन किया, उनमे पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ स्थित बादशाहनगर, बरेली सिटी स्टेशन और उत्तर मध्य रेलवे के ललितपुर रेलवे स्टेशन के जन औषधि केन्द्र शामिल है।

****

उत्तर प्रदेश पीसीएस प्रारंम्भिक परीक्षा दो हजार चौबीस और आरओ–एआरओ दो हजार तेइस की परीक्षा एक दिन और एक शिफ्ट में कराए जाने की मांग को लेकर प्रतियोगी छात्रों का प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन आज भी जारी रहा। इस दौरान पुलिस और छा़त्रों के बीच झड़प भी हुई। वहीं उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग इन परीक्षाओं को दो दिवस में कराने के अपने निर्णय पर कायम है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने कहा है कि परीक्षाओं की शुचिता और अभ्यर्थियों की सुविधा उसकी प्राथमिकता है। राज्य में परीक्षाएं उच्चतम न्यायालय के दिशा–निर्देशों और अन्य राज्यों के पैटर्न के अनुरूप आयोजित की जा रही हैं।

****

प्रदेश सरकार ने शहरों में कृषि भूमि पर बिना अनुमति किसी भी तरह के निर्माण पर रोक लगा दी है। प्रदेश के विभिन्न शहरों में कृषि भूमि पर तेजी से बन रहे आवासीय और व्यवसायिक अपार्टमेंट के चलते अवैध निर्माण की संख्या में त्वरित गति से हो रही वृद्धि को देखते हुए सरकार ने यह सख्ती की हैं। प्रमुख सचिव आवास पी गुरू प्रसाद ने इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए कहा है कि कृषि भूमि पर किसी भी प्रकार के निर्माण से पहले विकास प्राधिकरणों से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। शासनादेश में कहा गया है कि इस संबंध में वर्ष दो हजार बाइस मे भी शासन स्तर से एक आदेश जारी किया गया था, लेकिन मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों की ओर से इसका कड़ाई से पालन नही किया जा रहा है।

****

भदोही में नौकरानी की आत्महत्या और बाल श्रम मामले में सपा विधायक जाहिद बेग की फरार चल रही पत्नी सीमा बेग की संपत्ति को एमपीएमएलए कोर्ट ने कुर्क करने का आदेश दिया। पिछले दिनो विधायक के आवास पर उनकी नौकरानी ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस और श्रम विभाग की टीम ने विधायक के आवास से एक और नाबालिग नौकरानी को मुक्त कराया था। इस मामले में विधायक के परिवार पर प्रताड़ना से आत्महत्या और बाल श्रम का मामला दर्ज किया गया था। विधायक ने न्यायालय मे आत्म समर्पण किया था जबकि उनके बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वहीं विधायक की पत्नी सीमा बेग फरार चल रही थी।

****

प्रदेश में रेजीडेंट डाक्टरों के रूप में कार्यरत महिलाओं को अब प्रसूति अवकाश के साथ ही मानदेय भी मिलेगा। प्रसूति अवकाश से सेवा बांड अवधि बढ़ने पर उन्हें बढ़े हुए महीनों का स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। हाईकोर्ट के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने रेजीडेंट के रूप मे काम करने वाली महिलाओं के प्रसूति अवकाश को लेकर नया शासनादेश जारी किया है। इसके तहत अब रेजीडेंट महिला डाक्टरों को सेवा बांड को लेकर विकल्प प्रस्तुत करने होंगे। चिकित्सा शिक्षा में यूजी और पीजी करने वाले छात्रों के लिए सरकार ने दो साल का अनिवार्य सरकारी सेवा बांड लागू कर रखा हैं। इस दौरान इन डाक्टरों को जूनियर और सीनियर रेजीडेंट के रूप में तैनात किया जाता है।

****

हाथरस में मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के तहत आज तीन सौ चउवन जोड़ो का विवाह और निकाह संपन्न हुआ। उनमें से तीन सौ छत्तीस जोड़ो ने हिन्दू रीति रिवाज के तहत सात फेरे लिए तो वहीं अट्ठारह मुस्लिम जोड़ो ने निकाह पढ़ा। जिला प्रशासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ हाथरस सदर की विधायक अंजुला सिंह माहौर ने किया।

****

प्रदेश के विभिन्न जिलों मे बीते चौबीस घंटे के भीतर हुए अलग–अलग सड़क हादसों मे छह लोगों की मौत हो गयी, जबकि बारह से अधिक लोग घायल हो गये। प्रयागराज के मुंडेरा से नोएडा के लिए एक शादी समारोह मे जा रही बस कल देर रात फतेहपुर जिले के एसएसजी कॉलेज के सामने सड़क पर खड़े ट्रेलर से टकरा गयी। जिससे बस मे सवार एक महिला समेत तीन की मौत हो गयी, जबकि दस घायल हो गये। घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया जहां तीन की हालत गंभीर देख उन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया है। उधर मिर्जापुर के थाना चुनार स्थित भरेहटा गांव के पास अज्ञात वाहन ने एक बाईक को टक्कर मार दी जिससे उस पर सवार तीन व्यक्तियों की मौत हो गयी।

****